ट्रायल के लिए तैयार 'ट्रैक'!

▌भूमिगत मेट्रो के ८ डिब्बों की ट्रेन दौड़ेगी
▌३ किमी तक हुआ विद्युतीकरण पूरा

सामना संवाददाता / मुंबई

मुंबई की बहुप्रतीक्षित मेट्रो परियोजनाओं में से एक अंडर ग्राउंड मेट्रो का ट्रायल ट्रैक तैयार हो चुका है। अब बस ३ किमी के इस ट्रैक पर हाल ही में आए ८ डिब्बों वाले भूमिगत मेट्रो के डिब्बे दौड़ेंगे। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो के ट्रायल रन के रूट पर डाउन लाइन दिशा में ओवर हेड वायर चार्ज करने की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है। कल कॉरिडोर के सरीपुत नगर से मरोल नाका तक के ३ किमी रूट पर २५केवी बिजली की सप्लाई की गई।

३ किमी रूट पर दौड़ेगी मेट्रो

ट्रायल रन शुरू करने के लिए आंध्रप्रदेश के श्रीसिटी से सड़क मार्ग से मेट्रो के ८ डिब्बों की रेक मुंबई पहुंच चुकी है। मौजूदा समय में मेट्रो के डिब्बों को जोड़ने का काम चल रहा है। पूरे रूट पर काम पूरा नहीं होने की वजह से एमएमआरसीएल ने ट्रायल ट्रैक के ३ किमी रूट पर मेट्रो को दौड़ाने का निर्णय लिया है। सरीपुत नगर से मरोल नाका के बीच ट्रायल रन की शुरुआत होगी। ट्रायल रन शुरू करने के लिए ३ किमी के रूट पर उपकरण लगाने का काम करीब पूरा कर लिया गया है। रविवार से इस रूट के डाउन लाइन पर बिजली की आपूर्ति भी शुरू हो गई है। आगामी कुछ दिन में अप लाइन पर भी बिजली की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

१५ अगस्त को घोषित होगी तारीख

सूत्रों के अनुसार एमएमरआसीएल १५ अगस्त को मेट्रो रेक की पहली झलक जनता को दिखा सकती है। इसके लिए पहले चरण के तहत मुंबई पहुंचे मेट्रो के ४ डिब्बों की असेंबलिंग का काम तेजी से किया जा सकता है।